UNIVERSITY NEWS 22 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN

रंगोली प्रतियोगिता में दिखी समृद्ध विरासत

लखनऊ। एलयू के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा, समृद्ध विरासत एवं उपलब्धियों के उत्सव के रूप में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय उत्कृष्टता के गौरवशाली वर्ष : लखनऊ विवि रखा गया, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार के निर्देशन में हुआ। डॉ. मधु भाटिया, डॉ. अंकिता पाण्डेय एवं डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने समन्वय किया।

एलयू में पूर्व छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शियस डिजीज, ओएनजीसी सीएएस द्वारा पिछले दो शैक्षणिक सत्रों के पूर्व छात्रों और वर्तमान परास्नातक विद्यार्थियों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की निदेशक प्रो. मोनीषा बनर्जी एवं संकाय सदस्य डॉ. ज्योतिका राजावत के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद पूर्व छात्रों ने विभाग में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन, अनुभवों को साझा किया।

जूफोरिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा प्राणी उत्सव 2026 के अंतर्गत प्राणीशास्त्र मैदान में जूफोरिया खेलों का आयोजन किया गया। ईआईएसीपी-पीसी-आरपी, ओएनजीसी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का मार्गदर्शन विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया एवं प्रो. मोनिशा बनर्जी ने किया। डॉ. हदिया हुसैन और डॉ. निधि द्विवेदी आयोजन संयोजक रहीं। प्रतियोगिता में सॉफ-सीढ़ी, संगीत कुर्सी, चम्मच-नीबू दौड़, छल्ला फेंकना सहित विभिन्न मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

HINDUSTAN

विषम परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 28 नवंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर 2026 तक चलेंगी। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएड, एमए (शिक्षा), एमएड और एमएससी कृषि सहित विभिन्न पाठ्यक्रम शामिल हैं।

बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होंगी। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से 22 दिसंबर तक चलेंगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

एलयू के दो प्रोफेसरों को अहम जिम्मेदारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ प्रोफेसरों को उत्तर प्रदेश शासन ने उच्च शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में तय कार्य बिंदुओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए गठित आठ सदस्यीय समिति में विश्वविद्यालय के प्रो. अनूप कुमार भारतीय और प्रो. गीतांजलि मिश्रा को सदस्य नामित किया गया है।

समाज कार्य विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. अनूप कुमार भारतीय तथा जंतु विज्ञान विभाग की वरिष्ठ आचार्या एवं निदेशक (रैंकिंग) प्रो. गीतांजलि मिश्रा प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्धारित लक्ष्यों पर हुए कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा अनुभाग-3 की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

AMAR UJALA

मूल्य निर्धारण की जानकारी दी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में एमबीए (इंटरनेशनल बिजनेस) के विद्यार्थियों के लिए विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें स्प्रिंग टेक एलएलसी के डायरेक्टर (इंटरनेशनल बिजनेस) एवं संस्थान के पूर्व छात्र शिवेंद्र कुमार जायसवाल ने वैश्विक बाजार में मूल्य निर्धारण और मोलभाव की रणनीतियों की जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल डिवाइस, एफएमसीजी, टेक्सटाइल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के उदाहरणों से समझाया कि कंपनियां उत्पादों का मूल्य कैसे तय करती हैं और कारोबार में लाभ कैसे सुनिश्चित करती हैं। (संवाद)

शास्त्रीय नृत्य से सजी समारोह की शाम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को सांस्कृतिकी ने 'भारतीय संस्कृति में नारी' विषय पर समारोह आयोजित किया। इसमें नारी के स्थान, सम्मान और समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। शास्त्रीय नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय परंपरा व नारी सम्मान का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता प्रो. ऋषि कुमार मिश्र ने भारतीय धर्मग्रंथों में नारी की ऐतिहासिक व सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और प्रो. पीयूष भार्गव के संरक्षण में यह कार्यक्रम हुआ। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया विशिष्ट अतिथि थीं। आयोजन में प्रो. अंचल श्रीवास्तव, डॉ. मनिनी श्रीवास्तव और छात्र समन्वयक सूरज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। (संवाद)

AMAR UJALA

रंगोली में उकेरी लविवि की यात्रा



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को वाणिज्य विभाग की ओर से रंगोली प्रतियोगिता हुई। केके सक्सेना ब्लॉक में हुई प्रतियोगिता का विषय 'उत्कृष्टता के 106 वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय' रखा गया। इसमें 32 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के संरक्षण और वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें लुबना और नाहिदा की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, ओएनजीसी-सीएएस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शियस डिसीजेज (आईएएमजीआईडी) में पूर्व छात्रों और एमएससी के वर्तमान विद्यार्थियों के बीच संवाद सत्र हुआ। (संवाद)

उच्चस्तरीय समिति में लविवि के दो प्रोफेसर

लखनऊ। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर तय नीतिगत निर्देशों के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति पर अब लखनऊ विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर भी नजर रखेंगे। उत्तर प्रदेश शासन ने मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन के निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. अनूप कुमार भारतीय और जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. गीतांजली मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। (संवाद)

सात पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथियां जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी कृषि, बीएड, एमए शिक्षा और एमएड के विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं। (संवाद)

NBT

जीत की हैटट्रिक से चौथे राउंड में पहुंची एलयू

एलयू ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को एलयू ने एचबीटीयू कानपुर को 166 रन से करारी शिकस्त दी। कुमाऊं, गीता, एनआईआईएलएम और एचपी यूनिवर्सिटी ने भी अपने मुकाबले जीते। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर मेजबान टीम ने सात विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में एचबीटीयू की टीम 48 रन पर सिमट गई।

AAJ

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने लगायी जीत की हैट्रिक

आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए एचबीटीयू कानपुर को 166 रन से करारी शिकस्त देते हुए लगातार तीसरी जीत के साथ चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। वहीं कुमाऊं यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी कैथल हरियाणा और एचपी यूनिवर्सिटी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 214 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 25 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाए। वहीं शौर्य सिंह ने 24 गेंदों पर दो चौके और सात छक्के जड़ते हुए 58 रन की आतिशी पारी खेली। आदित्य ने 26, मोहम्मद अल्तमश ने 22 और शिवम सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। बड़े लक्ष्य के जवाब में एचबीटीयू कानपुर की टीम 18.5 ओवर में 48 रन पर सिमट गई। साहिल (15) और आदित्य सिंह (11) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। एलयू के शौर्य सिंह ने 17 रन देकर तीन विकेट झटके। प्रखर तिवारी ने तीन मेडन ओवर के साथ दो रन देकर और क्षितिज त्रिपाठी ने दो मेडन ओवर के साथ दो रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। गोमतीनगर स्थित रूद्रांश अकादमी मैदान पर कुमाऊं विश्वविद्यालय ने सीसीएस विश्वविद्यालय मेरठ को एक विकेट से हराया। मेरठ के 189 रन के जवाब में कुमाऊं के ओपनर आशीष गौतम ने 60 गेंदों पर सात चौकों और 13 छक्कों की मदद से 122 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली

AMRIT VICHAR

लविवि का विजयी चौका, एचबीटीयू को 166 रनों से हराया

लखनऊ, अमृत विचार: मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए एचबीटीयू कानपुर को 166 रन के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। इस लगातार तीसरी जीत के साथ लविवि ने टूर्नामेंट के चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया है। लविवि के परांजपे मैदान पर मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 214 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 25 गेंदों पर 59 रन और शौर्य सिंह ने 24 गेंदों पर सात छक्कों की मदद से 58 रन की तूफानी पारियां खेलीं। जवाब में एचबीटीयू की टीम महज 48 रन पर ढेर हो गई। लविवि के लिए शौर्य सिंह ने तीन विकेट झटके, जबकि प्रखर तिवारी और क्षितिज त्रिपाठी ने घातक गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। गोमतीनगर स्थित रूद्रांश अकादमी मैदान पर कुमाऊं विश्वविद्यालय ने सीसीएस विश्वविद्यालय मेरठ को एक विकेट से हराया। मेरठ के 189 रन के जवाब में कुमाऊं के ओपनर आशीष गौतम ने 60 गेंदों पर सात चौकों और 13 छक्कों की मदद से 122 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली

AMAR UJALA

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत

माई सिटी रिपोर्टर

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में एचबीटीयू कानपुर को हराया

लखनऊ। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन किया। मेजबान टीम ने एचबीटीयू कानपुर को 166 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ लखनऊ यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट के चौथे राउंड में जगह बना ली है।


शौर्य सिंह।

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 214 रन का विशाल स्कोर बनाया। आदि आदेश शुक्ला ने 25 गेंदों पर 59 रन और शौर्य सिंह ने 24 गेंदों पर 58 रन की तेज पारी खेली। आदित्य ने 26, मोहम्मद अल्तमश ने 22 और शिवम सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए एचबीटीयू कानपुर की टीम 18.5 ओवर में मात्र 48 रन पर सिमट गई।

साहिल और आदित्य सिंह ही दहाई का आंकड़ा छू सके। लखनऊ यूनिवर्सिटी के शौर्य सिंह ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। प्रखर तिवारी और क्षितिज त्रिपाठी ने दो-दो विकेट हासिल किए। कुमाऊं यूनिवर्सिटी ने सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ को एक विकेट से रोमांचक मुकाबले में हराया। आशीष गौतम ने 60 गेंदों पर 122 रन की विस्फोटक पारी खेली।

गीता यूनिवर्सिटी ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब को नौ विकेट से शिकस्त दी। शुभव गोयल ने चार विकेट लिए और मोहित संसेरवाल ने 18 गेंदों पर 54 रन बनाए। एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी कैथल, हरियाणा ने एचआरआईटी गाजियाबाद को 122 रन से हराया। गुरप्रीत सिंह ने 51 रन बनाने के साथ पांच विकेट भी झटके। एचपी यूनिवर्सिटी ने जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय को पांच विकेट से मात दी।

सुकृत ने 19 गेंदों पर 30 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। पंजाब यूनिवर्सिटी पटियाला, मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी और श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने भी अपने मैच जीते। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, एमआरएसपीटी यूनिवर्सिटी बठिंडा और राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी भी विजयी रहीं।

DAINIK JAGRAN

नीतियों के क्रियान्वयन में भूमिका निभाएंगे लवि के दो शिक्षक


प्रो. अनूप कुमार ● लविवि


प्रो गीतांजलि मिश्रा ● लविवि

लखनऊ : उच्च शिक्षा संबंधी नीतियों के क्रियान्वयन में लखनऊ विश्वविद्यालय के दो शिक्षक अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें समाज कार्य विभाग के प्रो. अनूप कुमार भारतीय और जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. गीतांजलि मिश्रा को सदस्य नामित किया गया है।

मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन के 28 बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) के क्रियान्वयन और अनुश्रवण की जिम्मेदारी समिति को सौंपी गई है। उच्च शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों से निर्धारित 28 बिंदुओं पर सूचनाएं एकत्र करेगी। इसके बाद समेकित रिपोर्ट तैयार कर शासन को उपलब्ध कराएगी। समिति में प्रो. अनूप कुमार भारतीय और प्रो. गीतांजलि मिश्रा की नियुक्ति को विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रो. मिश्रा विश्वविद्यालय में निदेशक रैंकिंग की जिम्मेदारी भी संभाल रही हैं। (वि.)

लखनऊ विश्वविद्यालय तीसरी जीत के साथ चौथे राउंड में

जासं ● लखनऊ : मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में जीत का सिलसिला जारी रखा। लवि ने एचबीटीयू कानपुर को 166 रनों से शिकस्त देते हुए लगातार तीसरी जीत के साथ चौथे राउंड में प्रवेश किया। वहीं कुमाऊं यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, एनआइआइएलएम यूनिवर्सिटी कैथल हरियाणा और एचपी यूनिवर्सिटी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे क्रिकेट मैदान पर लवि ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 214 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 25 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाए। शौर्य सिंह ने 24 गेंदों पर दो चौके और सात छक्के जड़ते हुए 58 रन की पारी खेली। आदित्य ने 26, मो. अल्तमश ने 22 और शिवम सिंह ने नाबाद 15 रनों का योगदान दिया। जवाब में एचबीटीयू कानपुर की टीम 18.5 ओवर में 48 रन पर ही सिमट गई। साहिल (15) और आदित्य सिंह (11) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। लवि के शौर्य सिंह ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। प्रखर तिवारी ने तीन मेडन ओवर के साथ दो रन देकर और क्षितिज त्रिपाठी ने दो मेडन ओवर के साथ दो रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। रुद्रांश क्रिकेट अकादमी मैदान गोमतीनगर में कुमाऊं यूनिवर्सिटी ने आशीष गौतम के शतक की बदौलत सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ को एक विकेट से हराया। सीसीएस यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशु प्रधान (52) और ईशु शर्मा (62) के अर्धशतकों से 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन बनाए।

विस्तृत खबर पढ़ने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड।

AMRIT VICHAR

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (दिसंबर 2026) की परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार परीक्षाएं 28 नवंबर से प्रारंभ होकर 22 दिसंबर तक चलेंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से शुरू होंगी। वहीं, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर से और बीएससी कृषि (ऑनर्स) की परीक्षाएं 30 नवंबर व 1 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दोपहर की पाली में 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक (दो घंटे) संपन्न होंगी। परास्नातक और शिक्षा संकाय के पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं सुबह की पाली में 8:30 बजे से 11:30 बजे तक (तीन घंटे) आयोजित की जाएंगी। इनमें एमएससी कृषि (हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन, एग्रोनॉमी आदि) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी। शिक्षा संकाय के अंतर्गत एमए (एजुकेशन) व एमएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 दिसंबर से तथा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 दिसंबर से प्रारंभ होंगी।

बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 11 दिसंबर से और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू होगी।

लविवि



- **28 नवंबर से शुरू होंगी स्नातक और परास्नातक की परीक्षाएं**
- **यूजी कोर्स की परीक्षाएं दो घंटे और पीजी व बीएड की तीन घंटे की होंगी**

प्रमुख परीक्षाओं का विवरण

- बीए व बीएससी (प्रथम सेमेस्टर) : 28 नवंबर से 22 दिसंबर 2026
- बीकॉम (प्रथम सेमेस्टर) : 30 नवंबर से 21 दिसंबर 2026
- बीएससी कृषि ऑनर्स (प्रथम सेमेस्टर) : 30 नवंबर से 14 दिसंबर 2026
- एमएससी कृषि (प्रथम सेमेस्टर) : 1 दिसंबर से 11 दिसंबर 2026
- एमए एजुकेशन व एमएड (प्रथम व तृतीय सेमेस्टर) : 7 दिसंबर से 19 दिसंबर 2026
- बीएड (प्रथम व तृतीय सेमेस्टर) : 11 दिसंबर से 21 दिसंबर 2026

विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें

- छात्र-छात्राओं को परीक्षा तिथियों में किसी भी संभावित बदलाव की जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.lkouniv.ac.in) देखते रहने की सलाह दी गई है।